भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1474

जिसका उत्तर 28 जुलाई, 2021 को दिया जाना है

कोयला खान कामगार

1474. श्री चंद्र शेखर साहू:
श्री सदाशिव किसान लोखंडे:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री बिद्युत बरन महतो:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के विभिन्न राज्यों में स्थित विभिन्न कोयला कंपनियों में कामगारों की कंपनी/राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) कोयला कंपनियों में हाथ से और मशीन से होने वाले कार्य में लगे कामगारों की कंपनी और राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान हाथ से और मशीन द्वारा उत्पादित कोयले की मात्रा का कंपनी और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) कोयला खानों के श्रमिकों/कामगारों को होने वाली समस्याओं/कठिनाइयों का ब्यौरा क्या है;

(ड.) सरकार द्वारा इनकी स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(च) क्या सरकार ने खनन के समय अधिक खतरे में काम करने वाले खान कामगारों की सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनियों में कार्य कर रहे कामगारों की संख्या दिनांक 01.07.21 की स्थिति के अनुसार राज्य-वार एवं कंपनी-वार

अनुबंध-क में दी गई है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को छोड़कर, सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों में कोयला उत्पादन हेतु कोई भी मैनुअल कार्य नहीं किया जाता है जबकि सीसीएल में 34,378 कामगारों में से 206 कोयला उत्पादन में मैनुअली लगे हुए हैं। एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के अंतर्गत, ओडिशा राज्य में स्थित तालाबीरा II और III कोयला खान में सरफेस माईनर मशीनों के माध्यम से कोयला निकासी के लिए माईल डेवलेपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ) द्वारा 188 कामगार नियुक्त किए गए हैं। तालाबीरा II और III खान में कोई मैनुअल कार्य नहीं किया जा रहा है। निजी कोयला कंपनियों के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) : पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसीआईएल का सहायक कंपनी-वार, राज्य-वार मैनुअल एवं मशीनीकृत कच्चा कोयला उत्पादन **अनुबंध-ख** के रूप में दिया गया है।

(घ) और (ड.) : कोयला खानों में श्रमिकों / कामगारों को कोई समस्या / कठिनाई नहीं है क्योंकि कंपनियां खानों तथा कार्य स्थलों पर सभी सांविधिक एवं गैर-सांविधिक कल्याण सुविधाएं प्रदान करने को उच्च प्राथमिकता देती हैं।

(च) : सीआईएल तथा इसकी सहायक कंपनियों की सभी खानों का प्रचालन खान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न लागू सांविधियों के अंतर्गत सभी संगत प्रावधानों का अनुपालन करते हुए किया जाता है। इसके अलावा, खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) में यथा-उल्लिखित निर्धारित शर्तों का अनुपालन खान में कार्य करने हेतु अनुमति में के लिए भी किया जाता है।

*****

दिनांक 28.07.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1474 के उत्तर का अनुबंध-क

01.07.2021 की स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों में स्थित सीआईएल की सहायक कंपनियों में कार्यरत कर्मचारी		
सहायक	राज्य	कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों में कामगारों की संख्या
ईसीएल	झारखंड	7483
	पश्चिम बंगाल	44757
बीसीसीएल	झारखंड	37311
	पश्चिम बंगाल	1304
सीसीएल	झारखंड	34378
डब्ल्यूसीएल	मध्य प्रदेश	9315
	महाराष्ट्र	26036
एसईसीएल	छत्तीसगढ	29125
	मध्य प्रदेश	14739
	पश्चिम बंगाल	194
एमसीएल	ओडिशा	20144
एनसीएल	मध्य प्रदेश	7295
	उत्तर प्रदेश	5174
एनईसी	दिल्ली	1
	झारखंड	2
	पश्चिम बंगाल	3
	असम	867
	मेघालय	11
सीएमपीडीआई	छत्तीसगढ	455
	झारखंड	835
	महाराष्ट्र	279
	मध्य प्रदेश	178
	ओडिशा	251
	पश्चिम बंगाल	226
सीआईएल (मुख्यालय)	दिल्ली	41
	महाराष्ट्र	3
	तमिलनाडु	1
	पश्चिम बंगाल	291
कुल		**240699**

<u>दिनांक 28.07.2021 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1474 के उत्तर का अनुबंध-ख</u>

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसीआईएल का कच्चा कोयला उत्पादन नीचे दिया गया है:

(आंकड़े मिलियन टन में(

कोल इंडिया लिमिटेड								
राज्य	2018-19		2019-20		2020-21		2021-22 (जून '21 तक) (अनंतिम(	
	मैनुअल उत्पादन	मशीनीकृत उत्पादन	मैनुअल उत्पादन	मशीनीकृत उत्पादन	मैनुअल उत्पादन	मशीनीकृत उत्पादन	मैनुअल उत्पादन	मशीनीकृत उत्पादन
पश्चिम बंगाल	0.10	29.30	0.04	29.12		26.09		5.44
झारखंड		20.76		21.24		18.92		2.49
कुल ईसीएल	**0.10**	**50.06**	**0.04**	**50.36**		**45.01**		**7.92**
पश्चिम बंगाल		1.19		0.14		0.004		0.11
झारखंड		29.85		27.59		24.65		5.71
कुल बीसीसीएल		**31.04**		**27.74**		**24.66**		**5.82**
झारखंड	0.05	68.67	0.06	66.83	0.04	62.55	0.01	12.86
कुल सीसीएल	**0.05**	**68.67**	**0.06**	**66.83**	**0.04**	**62.55**	**0.01**	**12.86**
यूपी		20.28		18.03		17.02		3.42
एमपी		81.23		90.02		98.03		22.34
कुल एनसीएल		**101.50**		**108.05**		**115.04**		**25.76**
महाराष्ट्र		49.25		54.19		47.26		9.62
एमपी	0.01	3.92		3.45		3.02		0.78
कुल डब्ल्यूसीएल	**0.01**	**53.17**		**57.64**		**50.28**		**10.41**
एमपी		12.60		10.58		9.94		2.30
छत्तीसगढ		144.75		139.97		140.66		25.40
कुल एसईसीएल		**157.35**		**150.55**		**150.61**		**27.70**
उड़ीसा		144.15		140.36		148.01		33.51
कुल एमसीएल		**144.15**		**140.36**		**148.01**		**33.51**
असम		0.78		0.52		0.04		0.00
कुल एनईसी		**0.78**		**0.52**		**0.04**		**0.00**
कुल सीआईएल	**0.16**	**606.72**	**0.10**	**602.04**	**0.04**	**596.18**	**0.01**	**123.97**

(नोटआंकड़े दो : अंकों में पूर्णांकित किए गए हैं)

एनएलसीआईएल	
वित्तीय वर्ष	**कोयला उत्पादन**
2020-21	1.013
2021-22 (18.07.2021 तक(	0.672